बरेली, सोमवार
26 अक्टूबर, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO III : MIDDLE



कार्यशाला में नाटक मंचन करते प्रतिभागी ● सौ. आयोजक

कार्यशाला में सीखा अभिनय कौशल और संवाद अदायगी

बरेली : एसआरएमएस रिद्धिमा 'ए सेंटर आफ परफार्मिंग एंड फाइन आर्ट्स' में आयोजित तीन दिवसीय थिएटर कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। थिएटर विशेषज्ञ राघव जोशी के निर्देशन में प्रतिभागियों को दो टीमों में विभाजित कर दो नाटकों का मंचन किया गया। पहली प्रस्तुति मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'कफन' पर आधारित थी, जबकि दूसरी फणीश्वरनाथ रेणु की प्रसिद्ध कहानी 'पंचलाइट' पर आधारित रही। दोनों नाटकों के माध्यम से प्रतिभागियों ने पिछले दो दिनों में सीखे अभिनय कौशल, संवाद अदायगी और मंचीय बारीकियों का प्रदर्शन किया। चेयरमैन देवमूर्ति, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार और डा. रीता शर्मा आदि उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। (वि.)